Outward No/ABTSM/ Minutes /NEC Meeting /2023-24/382 दिनांक 7 जनवरी 2024

दिनांक 20 जनवरी 2024 को मंथीज होटल विशाखापट्टनम आन्ध्रप्रदेश मे हुई अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 20 जनवरी 2024 को पुरवानह 10:30 बजे से मंजी होटल विशाखापट्टनम आन्ध्रप्रदेश मे अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयदत्त क्षीरसागर पूर्व कैबिनेट मंत्री महाराष्ट्र सरकार की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।

बैठक का संचालन श्री रामलाल गुप्ता, राष्ट्रीय महासचिव ने सफलतापूर्वक किया। बैठक के पूर्व किसी प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय पदाधिकारी (डॉ प्रकाश सेठ को छोड़कर) ने प्रदेश/जोन की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित नही की।जो खेद का विषय है।

बैठक मे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयदत्त क्षीरसागर जी, राष्ट्रीय महासचिव, श्री रामलाल गुप्ता व राष्ट्रीय अपर महासचिव डॉ अरूण भस्मे के अलावा मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्षो मे श्री रामकृष्णैया, हैदराबाद, श्री पी एम रघुनाथ, कर्नाटक , डॉ सियाराम साहु (छतीसगढ), प्रदेश अध्यक्षो मे श्री रवि कुमार (आन्ध्रप्रदेश), श्री भारत भूषण (कर्नाटक), राष्ट्रीय उपाध्यक्षो मे श्री देवाशीष (उड़ीसा), श्री सी प्रकाशम (आन्ध्रप्रदेश), राष्ट्रीय संगठन सचिवो मे सर्व श्री बाबूलाल गुप्ता (वाराणसी), श्री सुभाष श्रीराम घाटे (महाराष्ट्र),श्री सुरेन्द्र गुप्ता, (दिल्ली),श्री खुशीलाल, (जबलपुर),राष्ट्रीय संयुक्त सचिवो मे श्री अर्जुन प्रसाद (इलाहाबाद),श्री वृजननदनप्रसाद साहु(झारखंड), सचिवो मे श्री वी डी गोपाल (पूर्व विधायक)व राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यो मे श्री गिरधारीलाल साहु व श्रीमती शशिकला (वाराणसी),श्री रामजी साहु (प्रयाग), धनराज खोबरागढे,(महाराष्ट्र), राजा माहुरे (महाराष्ट्र), श्रीमती लक्ष्मी सावरकर (महाराष्ट्र) सहित तमाम लोग उपस्थित थे,जिसका विवरण अलग उपस्थित पंजिका मे अंकित है।सबसे उल्लेखनीय बात यह रही की सांसदो व विधायको मे केवल छतीसगढ के माननीय विधायक ईश्वर लाल उपस्थित हुए, जिनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। एजेंडा के अनुसार बैठक की कार्रवाई निम्नानुसार रही:- .

1-सबसे पहले बैठक मे आये हुए सभी पदाधिकारीगणो व सदस्यो ने अपना अपना पंजीकरण कराया।

2- बैठक मे आये हुए सभी लोगो ने अपना अपना परिचय दिया।

3-बैठक मे आये हुए सभी पदाधिकारीगणो व सदस्यो तथा प्रदेश पदाधिकारीगणो सहित सभी लोगो का राष्ट्रीय महासचिव श्रीरामलाल गुप्ता द्वारा अपनी तरफ से एवम महासभा की तरफ से अभिनंदन व स्वागत किया गया।खासकर श्री रवि कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आन्ध्रप्रदेश को आने जाने, ठहरने व खाने इत्यादि व बैठक की उचित व्यवस्था हेतु धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया।साथ ही श्री रामकृष्णैया जी राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष को हृदय से धन्यवाद दिया गया, क्योकि उन्होने अपनी देखरेख मे सभी कार्यक्रम सम्पन्न कराया।उसके बाद श्री रवि कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी तरफ से एवम प्रदेश की तरफ से सभी का स्वागत
व अभिनन्दन किया और बैठक आयोजित कराने हेतु आभार व्यक्त किया।साथ ही उनके एवम उनकी टीम की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय अपर महासचिव के साथ सभी का स्वागत अंगवसत्रम, पुष्प गुच्छ व स्मृती चिन्ह से किया गया।

4- एजेंडा के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने बैठक प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की।बैठक प्रारम्भ करने के पहले राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि उपस्थिति के हिसाब से नियमानुसार गणपूर्ति पूरी नही है ,उन्होने सभी की सहमति से बैठक स्थगित कर दिया और 1/2 घन्टे बाद पुनः बैठक प्रारंभ कर दी। और पिछली बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछली बैठक की कार्रवाई विवरण सभी को एजेंडा के साथ भेज दिया गया है, सभी लोगो ने गम्भीरतापूर्वक पढ लिया होगा, यदि किसी बिन्दु पर किसी को कुछ कहना हो तो कह सकता है, अन्यथा अनुमोदित मान लिया जाए, जिसपर सभी लोगो ने सर्वसम्मति से पिछली कार्यवाही को अनुमोदित करते हुए ध्वनि मत से पुष्टि कर दी।

5-राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद अभी तक प्रदेश अध्यक्ष कर्नाटक, दिल्ली, केरल, तमिलनाडू, तेलंगाना व पांडिचेरी ने चुनाव नही कराया गया, जिसके लिए खेद व्यक्त किया गया और अन्तिम अवसर प्रदान किया गया।

6- राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि बार-बार पिछली बैठको से अनुरोध किया जाता रहा कि प्रत्येक पदाधिकारीगण व सदस्यगण सहयोग धनराशि जमा कर दे, जिसके क्रम मे श्री रामजी साहु प्रयाग व श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने सहयोग धनराशि जमा कर दी।श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, संगठन सचिव ने अपनी आजीवन सदस्यता राशि रू 2100:00 भी जमा कर दी। समबधदता शुल्क जमा करने के लिए सभी प्रदेश अध्यक्षो से महासचिव ने अनुरोध किया ,जिसके क्रम मे श्री रविकुमार, प्रदेश अध्यक्ष आन्ध्रप्रदेश ने रु 10000/-जमा कर दिया। अन्य लोगो ने भी विभिन्न महासचिव ने अनुरोध किया ,जिसके क्रम मे श्री रविकुमार, प्रदेश अध्यक्ष आन्ध्रप्रदेश ने रु 10000/-जमा कर दिया। अन्य लोगो ने भी विभिन्न मदो मे धनराशि जमा की।सभी धनराशि,कोषाध्यक्ष के उपस्थित न रहने के कारण डॉ अरूण भस्मे, राष्ट्रीय अपर महासचिव के पास जमा किए गए, उनके द्वारा बताया गया कि सभी को उचित रसीद दे दी जायेगी।

पृष्ट २ पर

7- वक्ताओ के क्रम मे श्री रविकुमार प्रदेश अध्यक्ष आन्ध्रप्रदेश ने बताया कि सभी सूचनाये व प्रदेश कार्यकारिणी की सूची शीघ्र भेज दी जायेगी। श्री भारत भूषण प्रदेश अध्यक्ष कर्नाटक ने कहा कि शीघ्रातिशीघर सभी सूचनाये भेज दी जायेगी और प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव शीघ्र करा दिया जाएगा। श्री पी एम रघुनाथ, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष ने अपनी जोन की रिपोर्ट प्रस्तुत न कर प्रदेश के लोगो के लोक सभा/विधान सभा के टिकट के क्रम मे पूरे जोशखरोश मे कहा कि महासभा द्वारा प्रयास नही किया जा रहा है, जिसपर राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी माननीय पूर्व सांसद श्री सुरेश बाघमारे जी ने प्रत्येक बैठको मे अनुरोध किया कि आप लोग राजनैतिक लोगो की बैठक अपने अपने प्रदेश मे आयोजित कर सूचित करे, जिसके क्रम मे वे जाकर उसकी समीक्षा करेंगे और बायोडाटा के साथ विभिन्न राष्ट्रीय पार्टियो के राष्ट्रीय अध्यक्ष ,चुनाव प्रभारी व मुख्य मंत्रीयो से मिल कर पुरजोर प्रयास करेंगे, लेकिन इस दिशा मे किसी प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई, अंतएव कैसे प्रयास किया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने उन्हे बताया कि वे छतीसगढ मे विभिन्न पार्टियो के प्रभावी लोगो,जैसे मुख्य मंत्री, पूर्व मुख्य मंत्री, संगठन सचिव से व्यक्तीगत रूप से सभी के साथ मिले और टिकट की मांग की तथा सार्थक परिणाम देखने को मिला।राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि जहा से बायोडाटा मिलता है, उसके क्रम मे पत्र लिखते हुए प्रयास किये जाते है।इसके बाद श्री रामकृष्णैया ने आरक्षण के मुद्दे को उठाया और जातिगत जनगणना कराने हेतु प्रयास करने हेतु अनुरोध किया जिसपर राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने बताया कि उनके द्वारा कईबार उच्च स्तर पर संदर्भित किया गया है।और वे प्रयास रत है।श्री कृष्णैया के साथ सभी लोगो ने बैठक मेश्री पी एम रघुनाथ के गलत रास्ता अपनाने का विरोध किया और उनके अनुशासन मे रहकर बोलने की हिदायत दी। और कहा गया कि वे अपना बायोडाटा भेजे, उसके लिए प्रयास किया जायेगा। श्री सियाराम साहु जी ने छतीसगढ की प्रगति रिपोर्ट देते हुए 12 विधायको को चुन कर आने की बात कही और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। माननीय छतीसगढ के नवनिर्वाचित विधायक श्री ईश्वर लाल साहु ने कहा कि पहले प्रदेश के संगठन को मजबूत कर संगठन शक्ति का प्रदर्शन करे और सभी जातियो मे अपनी पैठ बनाये, तब सफल हो पायेगे। श्री सुभाष श्रीराम घाटे,राष्ट्रीय संगठन सचिव ने महाराष्ट्र प्रदेश की प्रगति रिपोर्ट पर प्रकाश डाला और आरक्षण का मुद्दा उठाया ।श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन सचिव ने सभी पिछडे वैश्यो को एक जुट करने पर बल दिया। माननीय श्री बीडडीगोपाल पूर्व विधायक आन्ध्रप्रदेश ने संगठन मजबूत करने पर बल दिया और निकट भविष्य मे एक बड़ा सम्मेलन आयोजित करने का आश्वासन दिया। अंत मे राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने अपना. मार्गदर्शक उदबोधन दिया। उन्होने बताया कि पिछडी जातियो को 27% आरक्षण मिलना चाहिये, लेकिन उचित आरक्षण नही दिया जा रहा है,उन्होने बताया कि हम जातीय जनगणना हेतु लड़ाई लड रहे है।उन्होने यह भी बताया कि हमलोग हर स्तर ग्राम पंचायत, नगर पंचायत,विधान सभा लोकसभा स्तर पर अपने समाज के उचित प्रतिनिधित्व के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। श्री पी एम रघुनाथ को बायोडाटा भेजने का निर्देश दिया।उन्होने हर स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया और निर्देशानुसार वांछित सूचनाये भेजने का अनुरोध किया।अंत मे उन्होने श्री रविकुमार प्रदेश अध्यक्ष व उनकी टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की और बताया कि सभी लोगो ने बैठक ईत्यादि की बहुत अच्छी व्यवस्था की और वे लोग निकट भविष्य मे बडा सम्मेलन आयोजित करने का आश्वासन दे रहे है। इसके बाद श्री के आर हिंगनकर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व श्री हीरालाल साहु, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष के देहावसान पर खड़े होकर दो मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रध्दांजलि अर्पित की गयी। ओर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से महासचिव ने बैठक का विसर्जन करते हुए सुरुचिपूर्ण भोजन हेतु आग्रह किया।

रामलाल गुप्ता,

राष्ट्रीय महासचिव।

उपरोक्त कार्रवाई की रिपोर्ट माननीय श्री जयदत्त क्षीरसागर राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय को सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेपित।

2-राष्ट्रीय अपर महासचिव को सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेपित।

3-सभी राष्ट्रीय पदाधिकारीगणो,संरक्षकगणो, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यगणो,व प्रदेश अध्यक्षगणो को पालनार्थ।

रामलाल गुप्ता।

राष्ट्रीय महासचिव।